
**दैनिक जागरण**

# 110 मरीजों का किया ऑपरेशन

**◆ रोटरी क्लब रानीपुर की ओर से मेला अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी कैंप**

**हरिद्वार, जागरण संवाददाता:** रोटरी क्लब रानीपुर के सौजन्य से सामाजिक संस्था इंटर प्लास्ट जर्मनी के सहयोग से मेला अस्पताल में आयोजित निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। कैंप में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से आये 310 मरीजों का परीक्षण किया गया। इनमें से 110 मरीजों का ऑपरेशन किया गया।

जर्मनी से आये डाक्टर हायोस्नेक के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम ने मरीजों का ऑपरेशन कर शारीरिक विकृतियों को दूर किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनमीत सिंह गंडोक ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची समाज सेवा है। उन्होंने रोटरी रानीपुर को इसी तरह समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने रोटरी क्लब रानीपुर की ओर से इस साल अब तक समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव आशीष पवन्जय ने बताया कि रोटरी रानीपुर द्वारा वर्ष 2008 से इस तरह के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव मेहता व को-चेयरमैन राजीव भल्ला ने शिविर के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर में कॉस्मेटिक नेचर की सर्जरी के बजाय दुर्घटना में विकृत अंगों की सर्जरी की गई, ताकि पीड़ित सर्जरी के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के लिये चिह्नित जिन 50 मरीजों का ऑपरेशन नहीं किया जा सका, उन्हें आगामी शिविर में प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एएस सेंगर के अलावा कई डाक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



**रोटरी क्लब रानीपुर द्वारा मेला अस्पताल में आयोजित प्लास्टिक सर्जरी कैंप में मरीज का ऑपरेशन करते डाक्टर।** जागरण

**राष्ट्रीय सहारा**



**रोटरी इंटरनेशनल के तत्वावधान में लगे नि:शुल्क विकलांग सर्जरी शिविर में मरीज का आपरेशन करते जर्मनी से आए डाक्टर।**

हिन्दुस्तान



हरिद्वार के मेला अस्पताल में सर्जरी कराने के लिए इंतजार में बैठे लोग • हिन्दुस्तान

# सर्जरी से बदली 110 लोगों की जिंदगी

हरिद्वार | हमारे संवाददाता

हादसों में झुलस चुके या अंग विकृत होने की पीड़ा झेल रहे 110 लोगों की जिंदगी अब बदली नजर आएगी। मेला अस्पताल में ऐसे लोगों की निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी की गई। रोटरी क्लब रानीपुर के तत्वावधान में आयोजित हुए निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का गुरुवार को समापन हो गया।

मेला अस्पताल में तीन अक्टूबर से चल रहे शिविर में ऐसे लोगों को चुना गया जिनका मार्ग दुर्घटना या अन्य किसी हादसे में अंग विकृत हो गया या फिर आग से जल गए। जर्मनी के ख्यातिलब्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ.हाइस्नेक ने मरीजों की प्लास्टिक सर्जरी की।

शिविर में सबसे ज्यादा महिलाओं की संख्या रही। ग्रामीण परिवेश की यह महिलाएं खाना बनाते समय लगी आग से झुलस गई थीं। इसके अलावा कई युवतियां दहेज उत्पीड़न में आग से जला दी गईं। हादसे की शिकार ऐसी महिलाओं को शिविर में रोटरी ने खास प्राथमिकता दी। शिविर का लाभ लेने के लिए मुजरफ्फरनर, दिल्ली, हरियाणा सहित हरिद्वार क्षेत्र के आसपास के इलाकों से लोग पहुंचे।

इस मौके पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.रवींद्र थपलियाल ने कहा कि रोटरी क्लब रानीपुर के इस कार्य की जितनी भी सराहना की जाए कम है। गरीबों और असहायों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। क्लब अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शिविर में 316 लोगों के पंजीकरण किए गए थे। जिनमें से 110 का सफल आपरेशन हुआ है। मरीजों को भोजन और अन्य सुविधाएं भी निःशुल्क दी गईं। इस मौके पर मेला अस्पताल के एसएसम डॉ.एआर सेंगर, सचिव आशीष पंवजय, प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव मेहता मौजूद थे।

Hindustan Times

# Plastic surgery camp gives relief to poor

HT Correspondent
dehradunlive@hindustantimes.com

**HARIDWAR:** Rani, 22, of Muzaffarnagar is all smiles and feeling much better after her eye surgery at Mela hospital on Wednesday. Had she not been operated upon, she would have permanently lost vision in the right eye. The cost of the surgery was nearly ₹ 4 lakh, beyond her means. But Rotary Club of Ranipur, as part of Rotary International, sponsored the surgery conducted by a German doctors' team from social organisation Interplast.

Rani's face and right eye were burnt in a gas cylinder blast two and a half years ago. Her eyelid was almost scraped and she had constant watering in the eye. But the surgery has given her much relief and she has hopes of recovering her vision.

She is not the only complicated case of burns. In all, 310 cases were registered and 110 have been operated upon in the 12 -day-long free eye surgery camp.

In conjunction with the department of health Uttarakhand, Rotary Club of Ranipur organised a free plastic surgery camp in Haridwar in association with Interplast from Oct 3 to 13 which concluded on Thursday. A team of 10 reconstructive surgery specialists, including 6 doctors, 3 nurses and a student nurse visited Haridwar for the noble cause.

Every year, Rotary club organised such free surgical camps and this was the fourth in the series, said vice chairman Rotary Club Ranipur, Rajiv Bhalla.

"Our main aim is to make people self-dependent. We try to reach the remote corners of the country where poor people do not get access to surgical procedures," said secretary of Rotary Ranipur Asheesh Pawanjai.